पत्र संख्या–वि0व0संग्रह–पदोन्नति संग्रह अमीन/(2025–25)/ 857 /राज्य कर,

**कार्यालय, आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश।**

**(संग्रह अनुभाग)**

**लखनऊ :: दिनांक : 14 अगस्त 2025**

**संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) राज्य कर,**

**सभाग–ए, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश राज्य कर संग्रह अमीन सेवा (तृतीय संशोधन) नियामवली 2015 दिनांक 03 फरवरी 2016 में की गयी व्यवस्थानुसार विभागीय वसूली योजना से संबंधित 20 जनपदों में कार्यरत संग्रह सेवकों की संग्रह अमीन के पद पर पदोन्नति के संबंध में मुख्यालय पर गठित चयन समिति द्वारा विचारोपरांत निम्न संग्रह सेवक को संग्रह अमीन के पद पर पदोन्नति हेतु चयन किया गया है :–

| क0 सं0 | ज्ये0सूची का क0 | कर्मचारी का नाम | पिता/पति का नाम | तैनाती का स्थान/जिला |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 473 | श्री राज कुमार | स्व0 रधुराज प्रताप | लखनऊ |

प्रदत्त नियमावली के अनुसार संग्रह अमीनों के नियुक्ति प्राधिकारी संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) राज्य कर सम्भाग–ए हैं।

1. संबंधित नियोक्ता अधिकारी को निर्देश दिये जाते हैं कि उपरोक्त चयनित कार्मिक का पदोन्नति आदेश अपने स्तर से जारी करना सुनिश्चित करें तथा उपरोक्त पदोन्नत कार्मिक को पदोन्नति आदेश तामील कराते हुए उनके वर्तमान तैनाती स्थान पर ही संग्रह अमीन के पद पर कार्यभार ग्रहण करायें तथा इसकी सूचना मुख्यालय को ई–मेल– sangrahanubhag@gmail.com पर एवं लौटती डाक से उपलब्ध करायें।
2. सम्बन्धित नियोक्ता अधिकारी कृपया यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि कि उपर्युक्त पदोन्त कार्मिक के विरूद्व यदि कोई अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित हो अथवा आरोप पत्र निर्गत हो या सर्तकता/ई0ओ0डब्ल्यू0 आदि गंभीर प्रकृति की जांच चल रही हो अथवा अन्य कोई ऐसा कारण यथा विभागीय जाँच/अन्य विपरीत तथ्य हों, जिससे पदोन्नति किया जाना उचित न हो तो ऐसे कार्मिक का पदोन्नति आदेश जारी न किया जाये बल्कि ऐसे कार्मिक की पात्रता निरस्त कराने हेतु वांछित सूचना अर्द्वशासकीय पत्र के माध्यम से मुख्यालय को तत्काल उपलब्ध करायें।

**(सुनील कुमार वर्मा)**
अपर आयुक्त,(प्रशा0) राज्य कर, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृ0प0सं0 व दिनांक–उक्त।

**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1–अपर आयुक्त (लेखा) राज्य कर, उत्तर प्रदेश ।
2–अपर आयुक्त ग्रेड–1,राज्य कर, लखनऊ जोन प्रथम/द्वितीय लखनऊ ।
3–संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) राज्य कर, सम्भाग–बी/सी लखनऊ ।
4–संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर, मुख्यालय को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
5–आहरण वितरण अधिकारी राज्य कर, लखनऊ ।
6–संबंधित कर्मचारी को नाम से।

14.08.25

**(आरती कुमारी)**
संयुक्तआयुक्त (संग्रह) राज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।